वर्ष 28 अंक 239
पृष्ठ 20
बरेली, गुरुवार
11 मई 2017
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 4.00

दैनिक जागरण
विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

PAGE NO 07 : LEFT SIDE COLUMN

एकेटीयू की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं कल से

लखनऊ : डॉ .एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की शुक्रवार से शुरू हो रही सम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए सख्त तैयारियां की जा रही हैं। बीटेक, बीफार्मा, बीआर्क सहित विभिन्न कोर्सेज की सम सेमेस्टर की परीक्षा में नकल न हो और प्रश्नपत्र लीक न हो इसकी फूलप्रूफ व्यवस्था की गई है। परीक्षा के लिए 136 केंद्र बनाए गए हैं जहां 2 .50 लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे।

एकेटीयू के परीक्षा नियंत्रक प्रो .जेपी पांडेय ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर दो-दो आब्जर्वर होंगे और परीक्षा केंद्र की निगरानी के लिए परीक्षा विभाग में 11 सदस्यीय विशेष टीम बनाई गई है। पहली बार सभी परीक्षा केंद्रों पर कूट रचित भाषा में डिजिटल प्रश्नपत्र भेजे जाएंगे। यह प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने से कुछ घंटे पहले भेजे जाएंगे और परीक्षा नियंत्रक के द्वारा जब पासवर्ड दिया जाएगा तभी इन प्रश्नपत्रों की लैंग्वेज हिंदी व अंग्रेजी में तब्दील होगी।